दिनांक : २४-८-२०१२

सद्धर्मप्रेमी मान्यवर श्रीमान्

सस्नेह जयजिनेन्द्र!

आशा है आप सपरिवार सानन्द होंगे।

ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन में प्रतिवर्ष अक्टूबर माह में लगने वाला शिविर इस वर्ष २१ अक्टूबर से ३० अक्टूबर २०१२ तक आयोजित होने जा रहा है।

इस शिविर में डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल, पण्डित रतनचन्दजी भारिल्ल, ब्र. यशपाल जैन, पण्डित पूनमचन्दजी छाबड़ा, ब्र. सुमतप्रकाशजी जैन, पण्डित अभयकुमारजी जैन, पण्डित राजेन्द्रकुमारजी जैन जबलपुर, पण्डित शान्तिकुमारजी पाटील, पण्डित संजीवकुमारजी गोधा इत्यादि अनेक विद्वानों का प्रवचनों/व्याख्यानमाला/गोष्ठी/कक्षाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा।

आप हमारी परिवार के अभिन्न अंग है। आपकी उपस्थिति हमारे उत्साह को बढ़ाती है; अतः आप इस शिविर में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित पधारने हेतु हमारा हार्दिक आमंत्रण स्वीकार करें।

शिविर के निमित्त से आपको ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन द्वारा संचालित तत्त्वज्ञान के प्रचार-प्रसार की गतिविधियों को निकट से देखने का अवसर तो मिलेगा ही साथ ही साथ महाविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों के साथ परिचय करने उनके बारे में जानने का अवसर भी सहज ही प्राप्त होगा।

नवीनीकरण के पश्चात नवनिर्मित जिनमंदिर में विराजमान जिनेन्द्र भगवान के दर्शन, पूजन तथा विश्व की एक मात्र स्फटिक रत्न की सबसे बड़ी प्रतिमा जो स्मारक भवन के जिनमन्दिर में विराजमान हैं के अवलोकन का सौभाग्य भी आपको प्राप्त होगा।

कृपया आप अपने आगमन की स्वीकृति हमें शीघ्र भिजवावें ताकि शिविर की आमंत्रण पत्रिका में आपका नाम उचित स्थान पर जा सके।

विशेष क्या? शेष कुशल।

पत्रोत्तर अवश्य देवें।

भवदीय

(पण्डित पूनमचन्द छाबड़ा)

(डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल)
महामंत्री